प्रेस नोट-

थाना-नवाबाद, जिला-झांसी

दिनांक- 05.06.2026

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना नवाबाद पुलिस द्वारा महिला को अश्लील वीडियो दिखाने व पीछा करने के अभियोग से संबंधित 01 अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार झांसी निरुद्ध किया गया।,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनांक 05.06.2026 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 286/26 धारा 78/79 BNS में त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना स्थानीय पर तैनात मिशन शक्ति टीम के सदस्यों द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभि0 के रानी लक्ष्मीबाई पार्क झांसी में मौजूद होने की सूचना पर मौके पर जाकर अभियुक्त विनोद गौतम पुत्र स्व0 कालीचरन निवासी बाहर उन्नाव गेट अंजली नगर थाना कोतवाली झाँसी उम्र 42 वर्ष उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त के सम्बन्ध में किये गये कृत्यों की पुनरावृत्ति न करने के सम्बन्ध में समझाया गया तो अभि0 विनोद गौतम हमारी बातों को सुनने को तैयार नहीं हुआ और अपने विरुद्ध दर्ज की गई FIR के कारण अभद्रता करते हुये आमदा फसाद हो गया जिस कारण से अभियुक्त विनोद गौतम उपरोक्त को मौके पर मिशन शक्ति टीम थाना नवाबद झांसी के सदस्यों द्वारा अन्तर्गत धारा 170/126/135 BNSS गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को माननीय न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट, झांसी के समक्ष पेश कर जिला कारागार झांसी निरुद्ध किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. विनोद गौतम पुत्र स्व0 कालीचरन निवासी बाहर उन्नाव गेट अंजली नगर थाना कोतवाली झाँसी उम्र 42 वर्ष,

<u>गिरफ्तार करने वाले अधि/कर्मचारीगण का विवरण-</u>

01. प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद श्री रवि श्रीवास्तव,

02. म0उ0नि0 श्रीमती संगीता मिशन शक्ति टीम प्रभारी थाना नवाबाद जनपद झाँसी,

03. उ0नि0 श्री रामकरन मिशन शक्ति टीम थाना नवाबाद जनपद झाँसी,

04. म0का0 484 प्रियंवदा मिशन शक्ति टीम थाना नवाबाद जनपद झाँसी,

05. म0रि0का0 430 पूजा मिशन शक्ति टीम थाना नवाबाद जनपद झाँसी,